आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 79 ● कटनी ● शुक्रवार, 22 अप्रैल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## पीएम मोदी के दौरे से पहले सुंजवां और चड्ढा आर्मी कैंप पर टेरर अटैक

## जवानों से भरी बस उड़ाने की कोशिश

# 5 आतंकी ढेर, अफसर शहीद

**श्रीनगर। जम्मू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से दो दिन पहले बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। जम्मू में सुंजवां और चड्ढा आर्मी कैंप के पास सुरक्षाबलों पर आतंकियों ने फायरिंग की। इसके बाद शुरू हुए एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। CISF का एक एएसआई एसपी पटेल इस एनकाउंटर में शहीद हो गया है, 5 जवान घायल हैं। बठिंडी में भी आतंकी हमला किया गया है। मात्र दो दिनों में हुई आतंकी मुठभेड़ों अब तक कुल पांच आतंकी मारे जा चुके हैं, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का एक कमांडर भी शामिल है।**



सुंजवां कैंप के पास सुबह करीब 4.15 बजे सुरक्षाबल आतंकियों की सूचना मिलने पर पहुंचे थे। यहां आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। इसमें 2 आतंकवादी ढेर कर दिए गए और अफसर शहीद हुआ। चड्ढा आर्मी कैंप के पास आतंकवादियों ने 4.15 बजे CISF की बस पर हमला किया। हमला उस समय हुआ जब जवानों को लेकर बस ड्यूटी पर ले जा रही थी। जवाबी फायरिंग के बाद आतंकी भाग गए। सर्च ऑपरेशन जारी है। बठिंडी में भी सुरक्षाबलों पर आतंकवादियों ने फायरिंग की है। यहां सर्च ऑपरेशन जारी है।बारामुला में 30 घंटे से एनकाउंटर जारी है। यहां 4 आतंकवादी मारे गए हैं। बुधवार रात यहां मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसके बाद आतंकियों को घेर लिया गया था। गुरुवार को सुरक्षा बलों ने लश्कर कमांडर यूसुफ कुंतरू समेत 3 आतंकवादियों को ढेर किया था। आतंकियों के पास से हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ था। बारामूला में भी एनकाउंटर जारी है। CISF के एक अधिकारी ने बताया कि सुंजवां इलाके में एक घर में जिन दो आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली है, उन्हें सुरक्षाबलों ने ट्रैप कर लिया है। दोनों ओर से लगातार फायरिंग जारी है।

### आतंकियों से लड़ते सतना के शंकर प्रसाद पटेल ने दिया सर्वोच्च बलिदान

**सतना।** जिले के मैहर विधानसभा के ग्राम नौगवां पोस्ट अमदरा निवासी सीआइएसएफ के एएसआइ शंकर प्रसाद पटेल आज सुबह 4.30 बजे जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के गोली बारी के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके साथ सीआइएसएफ के 10 से 12 जवान गंभीर रूप से घायल हुए। शंकर प्रसाद पटेल के काफिले के ऊपर आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंक दिया था। जिससे शंकर प्रसाद पटेल ने घटनास्थल पर ही अपनी जान देश के लिए न्यौछावर कर दी। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच 21 अप्रैल को शुरू हुई मुठभेड़ में अब तक चार आतंकवादी मारे गए हैं। बारामूला एनकाउंटर में लश्कर का टाप आतंकी कमांडर युसूफ कांतरू मारा गया है।

## राजनांदगांव में हादसे के बाद कार में लगी आग







### 5 एक ही परिवार के जिंदा जले

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से एक दर्दनाक कार हादसे की खबर आई है। हादसे के बाद कार में आग लगने से पांच लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। छत्तीसगढ़ पुलिस के अनुसार मृतकों में तीन बच्चे हैं। पांचों एक ही परिवार के बताए गए हैं। खैरागढ़ रोड में सिंगारपुर के पास दरमियानी रात करीब दो बजे यह भीषण हादसा हुआ, बताया जा रहा है कि खैरागढ़ निवासी सुभाष कोचर की पत्नी अपनी बेटियों के साथ कार में बालोद से रात करीब 12 बजे खैरागढ़ लौट रहे थे। तभी रात लगभग दो बजे सिंगारपुर के गणेश मंदिर के पास पुलिया मे कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिसके बाद कार में आग लग गई, इस भीषण आग में कार में सवार सभी लोग जिंदा जल गए।

### सागर में भीषण हादसा, दो बाइकों की भिड़ंत में 4 की मौत

सागर। सागर जिले में आज एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में तीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक घायल महिला की इलाज के लिए ले जाते वक्त मौत हुई। हादसा उस वक्त हुआ जब कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।बांदरी थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह गुर्जर ने हादसे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब ग्राम पाली के नजदीक हाईवे पर उप्र की ओर से आ रही कार ने सामने से आ रही दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार काफी दूर जा गिरे।इस घटना में एक मोटरसाइकिल पर सवार मालथौन निवासी भरत अहिरवार और दूसरी बाइक पर सवार ग्राम देवराजी निवासी मलखान रजक और उसकी दो वर्षीय बेटी रीतिका की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## संक्षिप्त न्यूज

### रोहिणी कोर्ट में पुलिस कर्मी ने की फायरिंग

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में शुक्रवार को फायरिंग की घटना सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोर्ट में तैनात पुलिसकर्मी ने फायरिंग की थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दो लोगों को मामूली चोटे आई हैं। इस मामले की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9.40 बजे रोहिणी कोर्ट में दो वकीलों संजीव चौधरी, ऋषि चोपड़ा और एक अन्य व्यक्ति रोहित बेरी के बीच झगड़ा हो गया और हाथापाई के दौरान वे गेट नंबर 8 में प्रवेश कर गए, जहां मारपीट जारी रही।इस दौरान गेट पर तैनात नागालैंड आर्म्ड पुलिस (एनएपी) के एक सिपाही द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश के दौरान उसकी सर्विस गन से जमीन की ओर एक गोली चल गई। फायरिंग के परिणामस्वरूप कंक्रीट प्रोजेक्टाइल के कारण दो व्यक्तियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, गोली चलने के बाद रोहिणी अदालत परिसर में दहशत फैल गई। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि यह फायरिंग आकस्मिक या जानबूझ कर की गई थी।

### नवाब मलिक को सुको से लगा तगड़ा झटका

#### गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।**सुप्रीम कोर्ट से नवाब मलिक को बड़ा झटका लगा है। पीएमएलए के तहत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया गया है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने मलिक की याचिका खारिज कर दी है। नवाब मलिक ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। सुनवाई की शुरुआत करते हुए सिब्बल ने कहा, 1993 में हुई घटना के लिए वे मुझे 2022 में कैसे गिरफ्तार कर सकते हैं, जहां मैं बिल्कुल भी नहीं हूं? न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप सक्षम अदालत में जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।



भोपाल में विमानतल पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह

## कॉन्स्टेबल ,हैड कॉन्स्टेबल को भी हाईटेक होना होगा

### सीएपीटी के आयोजन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा पुलिस को अपराधियों से दो कदम आगे रहना है

**भोपाल। कान्हासैया स्थित केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 48वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पुलिस का मानवीय चेहरा अब जनता के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपराधियों से दो कदम आगे रहना है, इसके लिए टेक्नॉलोजी बहुत जरूरी है। कॉन्स्टेबल और हैड कॉन्स्टेबल को भी हाईटेक होना होगा।**

क्राइम से निपटने के लिए कॉन्स्टेबल तक को टेक्नो फ्रेंडली बनना होगा। इसके पहले अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में मुठभेड़ में शहीद हुए सतना के जवान शंकर प्रसाद पटेल को श्रद्धांजलि दी। मंच पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद रहे। इससे पहले मंच से मुख्यमंत्री शिवराज ने मध्यप्रदेश पुलिस की तारीफ करते हुए कहा- हमारे पुलिस जवानों ने दो साल में 21 एकड़ जमीन मुक्त कराई। ष्टरू ने गीता का श्लोक पढ़ा- परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे॥ यानी सज्जन पुरुषों के कल्याण के लिए और दुष्कर्मियों के विनाश के लिए और धर्म की स्थापना के लिए मैं (श्रीकृष्ण) युगों-युगों से प्रत्येक युग में जन्म लेता आया हूं। गृहमंत्री शुक्रवार सुबह 10.30 बजे विशेष विमान से राजाभोज एयरपोर्ट (स्टेट हैंगर) पर विशेष विमान से उतरे। स्टेट हैंगर पर सीएम शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर और दूसरे कैबिनेट मंत्रियों ने शाह का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी शाह के साथ आए।अमित शाह शुक्रवार को 8 घंटे भोपाल में बिताएंगे। शाह एक दिन में तीन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## सक्रिय केस 14 हजार के पार, 54 लोगों ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना एक बार फिर सिर उठाता नजर आ रहा है। बीते 24 घंटे में 2451 नए संक्रमित मिले हैं। सक्रिय केस भी बढ़कर 14 हजार से ज्यादा हो गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में 54 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ा। इसके साथ ही कुल मृतक संख्या बढ़ 5,22,116 हो गई है। बीते कुछ दिनों से नए संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। नए केस मिलने के साथ ही सक्रिय केस बढ़कर 14,241 हो गए हैं। गुरुवार को 2380 नए संक्रमित मिले थे और 56 कोरोना मरीजों की मौत हुई थी। इनमें 53 पुरानी मौत केरल राज्य से बताई गई थी। देश में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 4,30,52,425 हो गई। गुरुवार को सक्रिय मामले 13,433 थे। शुक्रवार को इनमें 808 की बढ़ोतरी हुई। 54 और मौतों के साथ कुल मृतक संख्या 5,22,116 हो गई है। देश में सक्रिय केस कुल केस की तुलना में 0.03 फीसदी हैं। हालांकि अच्छी बात यह है कि कोरोना रिकवरी रेट 98.75 फीसदी पर कायम है।



कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

### मप्र में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या फिर 50 के पार

भोपाल । प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बुधवार को 50 के ऊपर पहुंच गई। इसके पहले 11 अप्रैल को प्रदेश में कोरोना के 51 सक्रिय मरीज थे। अभी यह संख्या 58 है। इन सक्रिय मरीजों में 20 इंदौर में और पांच भोपाल में उपचाररत हैं। हालांकि अच्छी बात यह है कि इनमें एक छोड़ बाकी सभी मरीज होम आइसोलेशन में हैं। 14 संदिग्ध मरीजों का इलाज भी प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। प्रदेश में बुधवार को कोराना के 15 मरीज मिले हैं, इनमें नौ इंदौर के हैं। 7,771 सैंपलों की जांच में यह मामले सामने आए हैं। संक्रमण दर भी ब?कर 0.1 प्रतिशत हो गई है। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरुवार को जारी हेल्थ बुलेटिन में सामने आई है। भोपाल में गुरुवार को 437 सैंपलों की जांच में कोरोना के तीन मरीज मिले है।



### बगैर नोटिस दिए चलाया जा रहा बुलडोजर : कमलनाथ

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने शुक्रवार को सुबह रतलाम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा की सरकार गलत उद्देश्य व बगैर नोटिस दिए बुलडोजर चला रही है। हमने तो माफिया के खिलाफ बुलडोजर चलाया था व पहले नोटिस दिए थे। हम पर प्रेशर भी आया था, लेकिन हमने माफियाओं के खिलाफ निरंतर करवाई की। भाजपा को अपनी असफलता छिपाने के लिए मुद्दा चाहिए। मध्य प्रदेश में अनेक कमियां व खामियां है। बेरोजगारी व भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है, लेकिन इसके लिए भाजपा के पास जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर आते हैं तो उनके अनुभवों का लाभ लेंगे, कांग्रेस पार्टी किसी पर निर्भर नहीं है। कमल नाथ ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का कहा था, कहां है रोजगार? एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कमल नाथ ने कहा कि कांग्रेस का घर-घर चलो अभियान सफल रहा है। हां कुछ जगह जरूर असफल रहा है, जिसे हम स्वीकार करते हैं। अभियान 30 जुन तक बढ़ाया गया है।

## मोदी ने किया जॉनसन का स्वागत

# राजघाट में ब्रिटिश पीएम ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धाजंलि

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के भारत दौरे का आज दूसरा दिन है। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जॉनसन को रिसीव किया। इसके बाद जॉनसन राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि दी। कुछ देर बाद वहविदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। उसके बाद हैदराबाद हाउस में नरेंद्र मोदी मुलाकात करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि दोनों नेता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा संभव है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से इतर नए युग की ट्रेड डील (अर्ली हार्वेस्ट डील) पर भी एक्सपर्ट्स की नजर रहेगी। गुड्स एंड सर्विसेज और निवेश के साथ साथ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स, जियोग्राफिकल इंडिकेशन जैसे मुद्दों वाली इस डील पर भी करार संभव है।इन सब के अलावा रूस यूक्रेन युद्ध भी आज की बैठक का अहम मुद्दा रहेगा है। अभी तक इस मामले में भारत तटस्थ रुख अपनाए हुए है। इसके अलावा दोनों नेताओं का फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक पर भी जोर रहेगा। भारत और ब्रिटेन दोनों ही इंडो-पैसिफिक रीजन को सभी के लिए खुला रखने के हिमायती हैं।



# मारती है, गालियां देती है...इकलौती बेटी की प्रताड़ना

### बुजुर्ग मां-बाप ने बयां किया दर्द, बड़ी मन्नतों के बाद हुई थी पैदा

**ग्वालियर।** बड़ी मन्नतों के बाद पैदा हुई इकलौती संतान मां-बाप के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। मामला मध्य प्रदेश के ग्वालियर का है, जहां बेटी ने बुजुर्ग मां-बाप का जीना मुहाल कर रखा है। बताते हैं कि वह न सिर्फ उनके साथ गाली-गलौज करती है, बल्कि गुंडों से पिटवाने की भी धमकी देती है। इसके अलावा वह मकान का किराया छीन लेती है। दुखी बुजुर्ग दंपति ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

#### बेटे की तरह पाला-पोसा

ग्वालियर के राय कॉलोनी घासमंडी 103 वर्षीय नारायण राय अपनी पत्नी 95 वर्षीय विमला के साथ रहते हैं। उनकी एक ही बेटी है, रजनी। रजनी की शादी सुरेंद्र राय से हुई है जो ठेकेदार है। बुजुर्ग दंपति ने बताया कि यह बेटी बड़ी मन्नतों के बाद पैदा हुई। पति-पत्नी ने उसे बेटे की तरह पाला-पोसा। लेकिन उनकी बेटी उन्हें प्रताड़ित करती है। दंपति के पास जमीन और राय कॉलोनी में मकान है। यही उसकी चल और अचल संपत्ति है।



उन्होंने सोचा था कि बेटा नहीं हुआ तो क्या हुआ यही बेटी उनका सहारा बनेगी। लेकिन अब इसी बेटी की प्रता ?ना से दुखी होकर वह एसएसपी ऑफिस पहुंचे।

#### गालियां देने का आरोप

बुजुर्ग नारायण राय का आरोप है कि उनकी इकलौती संतान बेटी आदतन खराब महिला है। हमें गंदी-गंदी गालियां देती है। मकान का जो किराया आता है उसे छीन ले लेती है। गुंडों से मरवाने की धमकी देती है। शारीरिक यातनाएं देती है। अगर आसपास के लोगों से बचाने आते हैं तो वहां उनको झूठा केस में फंसा देने की धमकी देती है और किसी को कोई सहायता नहीं करने देती है। पुलिस अधिकारियो ने उनकी शिकायत को सुनने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। आवेदन को परामर्श और सीनियर सिटीजन के तहत होने वाली कार्रवाई के लिए ग्वालियर थाना को भेज दिया है।

#### बेटी के बच्चों ने भी की पुष्टि

वहीं बुजुर्ग मां विमला का कहना है कि मेरी बेटी बहुत खराब है। वह मुझे और मेरे पति को मारती है। जमीन-जायदाद हड़पना चाहती है। जमीन और मकान उसके नाम नहीं करने पर घर से बाहर निकालने की धमकी देती है। मामले में एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि बुजुर्ग दंपति ने अपनी इकलौती बेटी की शिकायत की है। उसके द्वारा प्रताड़ना की उनकी बेटी के बच्चों ने की है। मामले में तत्काल कार्रवाई के लिए संबंधित थाने को बोला गया है।

# पांच लाख दो, नहीं तो घर जला देंगे

### चित्तौड़गढ़ में मोहब्बत पर पंचों का तुगल की फरमान

**चित्तौड़गढ़।** नाबालिग लड़के की प्रेम कहानी में जब पंचों की एंट्री हुई तो उन्होंने तुगलकी फरमार जारी कर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया। यह राशि नहीं जमा कराने पर घर को जलाने की धमकी दी गई। इसका असर यह हुआ कि इस लड़के को पालने वाले चाचा-चाची को जहर खाने पर मजबूर होना पड़ा। इलाज जारी है, लेकिन अब भी उनकी जिंदगी खतरे में है। मामला चित्तौढ़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा का है। परेशान दंपती ने जहर खाकर सुसाइड करने की कोशिश कीपुलिस ने बताया कि बंगरेड़ा मामादेव ग्राम पंचायत में रंजीत राव और उसकी पत्नी सुनैना ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। दोनों अपने बेटे की तरह पाल रहे भतीजे को लेकर पंचों के दबाव के चलते परेशान थे। निंबाहेड़ा थाने के एएसआई नवलराम ने बताया कि 17 अप्रैल को रंजीत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी जान को खतरा है, लेकिन 18 अप्रैल को दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। इससे पहले पीड़ित रंजीत ने कान्हा मीणा, भंवरलाल मीणा और मोती मीणा के साथ प्रतापगढ़ निवासी पिंटू मीणा व पुष्कर मीणा पर जान से मारने का आरोप लगाया था।

# जानें कब पूरे होंगे विकास कार्य

## चांडक चौक से गर्ग चौराहा मार्ग चौड़ीकरण, रिवर फ्रंट योजना, अमीरगंज तालाब सौंदर्यीकरण, कटायेघाट पुल चौड़ीकरण का काम अटका



**कटनी।** कटनी में मिशन चौक फ्लाई ओव्हर ब्रिज को के शुभारंभ के साथ विकास की नई ईबारत लिखी गई। लेकिन अभी भी कई ऐसे कार्य हैं जो विकास के लिए उम्मीद के सहारे वर्षों से लंबित हैं। कहा जाए तो जरा भी अतिश्योक्ति नहीं कि इन कामों के लटके रहने के बाद शहर विकास के लिए बाट जोह रहा है, लोग समस्या से हताश और निराश हैं। लोगों को समस्या से निजात दिलाने के लिए शासन-प्रशासन बड़े-बड़े दावे और वादे कर रहा है, लेकिन इनमें से कई तो सिर्फ कागजी घोड़े साबित हो रहे हैं। शहर के प्रमुख विकास कार्य वर्षों से अधर में लटके हुए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इन कार्यों के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा हुई थी और सीएम की घोषणा के बाद भी अधिकारी ठीक से ध्यान नहीं दे रहे। और तो और अफसर निविदा की प्रक्रिया पूरी नहीं करा पा रहे और ना ही काम चालू करा पा रहे हैं, सिर्फ बैठकों में ही चर्चा और पत्राचार तक विकास कार्य सीमित रह गए हैं।

कटनी शहर में पंचवर्षीय योजना में कई ऐसी योजनाएं बनी जिससे बड़ी राहत मिलनी है, लेकिन अमल न होना सबसे बड़ी समस्या है। घंटाघर मार्ग चौड़ीकरण, कटायेघाट पुलिया चौड़ीकरण, सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण आदि प्रमुख मुद्दे हैं, जिनपर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। हालांकि इनमें बजट भी रोड़ा बना हुआ है। चांडक चौक से लेकर गर्ग चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण में मुआवजा राशि बड़ी समस्या बना है। चौड़ीकरण को लेकर अधिग्रहण की कार्रवाई के लिए नगर निगम, राजस्व व प्रशासनिक अधिकारियों ने नाप तो कई बार कर ली, लेकिन अभी तक कोई प्रावधान ही तय नहीं और समस्या का दंश शहर के लोग भुगत रहे हैं।

### योजनाएं जिन पर शुरू नहीं हो पाया काम

- 2.81 करोड़ रुपए की लागत से होना था कटायेघाट मार्ग पर ड्रेन क्रॉस पुलिया का निर्माण, 7 जनवरी को निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई थी, ठेकेदार एसएन कंस्ट्रक्शन द्वारा निविदा शर्तों को नहीं किया गया पूरा, जिसे किया बाहर, अब एनकेपी कंस्ट्रक्शन को काम देने चल रही निविदा प्रक्रिया, दो साल पहले बनी थी योजना।
- 1.20 करोड़ रुपए की लागत से अमीरगंज तालाब का सौंदर्यीकरण व उन्नयन होना था, 7 दिसंबर 21 को निविदा प्रक्रिया पूरी हुई, 6 निविदाकारों में से एसएन कंस्ट्रक्शन को तालाब सौंदर्यीकरण का काम सौंपना है, अभी स्वीकृति की चल रही है कार्रवाई।
- मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा पुरानी कचहरी एवं साधुराम स्कूल परिसर पर मल्टीलेवल पार्किंग, मार्केट, कार्यालय आदि बनाने बनी है योजना, यह योजना सिर्फ कागजों और बैठकों में ही हो रही है तैयार।
- नई बस्ती अधारकाप होते हुए पन्ना नाका तक सडक् निर्माण के लिए तत्कालीन कलेक्टर एसबी सिंह के निर्देशन में नगर निगम ने बनाई थी कार्ययोजना, कलेक्टर के जाते ही योजना पड़ी ठंडे बस्ते में, कई वर्षों से जमे इंजीनियों की कार्यप्रणाली के चलते फिरा योजना पर पानी।

जिले में भाजपा की सत्ता है। विधायक सांसद से लेकर निकाय और पंचायतों में भी भाजपा के ही जनप्रतिनिधि हैं ऐसे में विकास कार्यों को लेकर लेट लतीफी जनप्रतिनिधियों पर सवाल पैदा करती है।

# 40 गांवों में भयंकर जल संकट

## पानी की जगह हवा उगल रहे हैंडपंप



**कटनी। कटनी जिले में गंभीर जल संकट शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्र में जल संकट की आवाज सुनाई दे रही हैं लेकिन गांवों गूंजती आवाज को सुनने वाला कोई नहीं।**

इन दिनों शहर से लेकर गांवों तक जल संकट से गुजर रहे है। जिले करीब 40 गांवों में पिछले कई माह से नलजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। करीब 250 से अधिक हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं।

### वाटर लेवल नीचे जाने से शहर की कॉलोनियों में नहीं मिल रहा पानी

दुबे कॉलोनी सहित अन्य इलाकों में जल संकट से लोग परेशान हैं। वाटर लेवल नीचे चले जाने से शहर की कॉलोनियों सहित अन्य इलाकों में लोगों को सामान्य जरूरत के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार जलस्तर कम होने के कारण 117 हैंडपंप बंद हो गए हैं। 34 जल स्त्रोत सूख जाने के कारण कार्य करना बंद गए हैं। ये हैंडपंप कई दिनों से खराब हैं। जल स्तर कम होने के कारण बंद हैं, जिनमें पाइप बढ़ाए जाने हैं लेकिन विभाग ने कार्य नहीं करवाया है। इसका अलावा जल स्त्रोत सूख जाने के कारण हैंडपंपों ने कार्य करना बंद कर दिया है। जिले में गंभीर जलसंकट की आहट मार्च के शुरूआती सप्ताह से ही होने लगी थी जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम ने हफ्ते में चार दिन एक टाइम पानी की सप्लाई कर दी थी। शहर की जीवनदायिनी नदी सूखने की कगार पर पहुंच गई है, जो पानी बचा भी है वह गंदगी के बीच बह रहा है। गर्मियों में शहर के बाहरी इलाकों एनकेजे, पहरुआ, रवींनंद्र नाथ टैगोर वार्ड व संजय नगर में वाटर लेबल करीब 100 से 150 फीट गहराई तक बल्कि कई जगह इससे भी नीचे चला जाता है। नगर निगम ने शहर के लोगों पर जलकर भी बढ़ाया हुआ है बावजूद इसके शहर वासियों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अभी पेयजल संकट की दस्तक से अंदाजा लगाया जा सकता है आने वाले दिनों में पेयजल संकट की गंभीर स्थिति बनेगी।

### जल स्त्रोतों की क्षमता भी समाप्त

जिले का तापमान 42 के पार पहुंच रहा है। लगातार भू-जल स्तर में न गिरावट आ रही है, बल्कि जल स्त्रोतों की क्षमता भी समाप्त हो रही है। पेयजल के लिए शहर से लेकर गांव तक पेयजल का मंजर भयावह होता जा रहा है। वहीं प्रशासन ने भी पानी के सोच समझ कर इस्तेमाल किए जाने की लोगों से अपील की है। तहसील क्षेत्रों में पेयजल के लिए परेशान हो रहे नागरिक: जिले के प्रमुख दो तहसील क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरही और रीठी में इन दिनों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रीठी और बरही दोनों तहसीलों में आम लोग परेशान हो रहे हैं। बरही नगर परिषद क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।

# पारा निरंतर उछाल पर, बच्चों को राहत देने ग्रीष्मकालीन अवकाश की उठी मांग

## प्रचंड गर्मी के बीच स्कूल जा रहे नौनिहाल बेहाल



**कटनी।** गर्मी अब असहनीय हो चली है जब हर शख्स गर्मी से परेशान घर में दुबक रहा है तब बच्चे भरी दोपहर स्कूल से घर आने पर विवस हैं। गर्मी के कारण कई राज्यों ने स्कूल बंद करने की घोषणा कर दी है लेकिन एमपी की सरकार है कि मानती नहीं।

गर्मी के तीखें तेवर बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रहे हैं। प्रचंड गर्मी के बीच स्कूल जा रहे नौनिहाल बेहाल हो रहे हैं। लगातार चढ़ते पारा और लू-लपट के बीच अब अभिभावक प्रायमरी स्कूलों के बच्चों को राहत देने की मांग कर रहे हैं। दोपहर में जब तक स्कूलों में छुट्टी होती है, दोपहर हो जाती है। सूरज आग उगल रहा होता है। बच्चे घर लौटते तक पसीने से तरबतर और भीषण गर्मी से सुस्त पड़ जाते है। लू लगने से कुछ बच्चे उल्टी-दस्त की चपेट में भी आ रहे है। अभिभावक प्रायमरी स्कूलों में तुरंत ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे है। परीक्षाओं को छोड़कर अन्य कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को भी गर्मी में राहत देने की बात कह रहे है।

- 1295 प्राथमिक सरकारी स्कूल जिले में है
- 400 के करीब प्राइवेट स्कूल संचालित है
- 04 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राएं प्रभावित
- 44.1 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है तापमान

### 11 बजे से ही हो जाती है तेज धूप

प्रशासन की ओर से स्कूली बच्चों को गर्मी में राहत देने के लिए प्रायमरी स्कूलों को दोपहर 12 तक बंद करने के निर्देश दिए है। लेकिन पारा हर दिन चढ़ रहा है। दोपहर 11 बजे से ही धूप तेज हो रही है। स्कूल छूटने के बाद बच्चों को एक से डेढ़ घंटा तक घर पहुंचने में लगता है। दोपहर 1 बजे तीखी धूप और गर्मी में बच्चे झुलसने लगे है।

# रेल कर्मचारी सीख रहे बात करने का तरीका



**कटनी।** रेलवे ने यात्रियों के साथ रेल कर्मचारियों का व्यवहार सुधारने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए वह रेलवे स्टेशन पर तैनात बुकिंग क्लर्क से लेकर ट्रेन में टिकट चेक करने वाले टीटीई तक को अच्छा व्यवहार करने का सलीका सिखा रहा है। इससे सीधा फायदा रेलवे और यात्रियों के बीच बेहतर संबंध बनाने और अपनी आय बढ़ाने में होगा। इन दिनों रेलवे ने अपने अधिकतर काम निजी कंपनी या संस्थानों दे दिए हैं। यहां तैनात निजी कर्मचारियों से यात्रियों के साथ बेहतर व्यवहार से बेहतर परिणाम सामने आए हैं। इन परिणामों को देखने के बाद अब रेलवे ने भी अपने कर्मचारियों को यात्रियों से बेहतर व्यवहार और समंवय बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना शुरू किया है।

### जबलपुर मंडल में चल रहा प्रशिक्षण

जबलपुर रेल मंडल में इसकी शुरूआत हो गई है। इसके लिए मंडल के कमर्शियल और आपरेटिंग विभाग के लगभग डेढ़ हजार कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण के लिए चुना है। इतना ही नहीं जबलपुर और कटनी में इसका प्रशिक्षण भी शुरू कर दिया गया है। इस दौरान लगभग कमर्शियल विभाग के 1150 और आपरेटिंग विभाग के 350 कर्मचारियों को आने वाले दो माह के दौरान अच्छा व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जाना है। हर कर्मचारी के लिए दो से तीन दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। अभी तक लगभग 200 लोगों को यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### गलत व्यवहार की शिकायत के बाद निर्णय

1. टिकट काउंटर- रिजर्वेशन और जनरल टिकट लेने के दौरान टिकट क्लर्क और कर्मचारियों के बीच हर दिन बहस हो रही है, इसका असर लोग काउंटर की टिकट लेने की बजाए आनलाइन टिकट लेने लगे हैं
2. पूछताछ सेंटर- रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और प्लेटफार्म की जानकारी देने वाले पूछताछ केंद्र में तैनात कर्मचारियों का यात्रियों के साथ हर दिन विवाद हो रहा है। यात्री अब आनलाइन ट्रेन की जानकारी ले रहे हैं।
3. स्टाल- रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर खाने की गुणवत्ता और दाम को लेकर यात्रियों की शिकायत रहती है। शिकायत करने के बाद भी उनकी परेशानी दूर नहीं हो रही।
4. ट्रेन- टिकट चैकिंग के दौरान यात्रियों द्वारा की जाने वाली शिकायत में टिकट जांच दल के बातचीत करने के तरीकों को लेकर अपत्ति रहती है। इससे यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है।
5. शिकायत- रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 138 और 182 नंबर पर आने वाली शिकायत, रेलवे कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर आ रही है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
11.30, 3, 6.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से





JERSY (हिंदी में)
कलाकार- शाहिद कपूर, मृनाल ठाकुर, पंकज कपूर, शिशिर शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



# लखाखेरा में भड़की आग

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखाखेरा के खेतों में आग भड़क गई। आग आश्रम के पास लगना बताई जा रही है। आश्रम के संत ने बताया कि किसी व्यक्ति के द्वारा खेत में आग लगाई गई है जो बढ़ते हुए आश्रम तक पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 14 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
KGF CHAPTER-2
(हिन्दी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
12.30, 3.45, 7, एवं रात्रि 10.15 बजे से




KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल कटनी महाराणा प्रताप वार्ड, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-7, जबलपुर रोड झिंझरी कटनी (म.प्र.) 483501, फोन 07622-227417, Email : dfotktn@mp.gov.in**

**निविदा विज्ञप्ति**

वर्ष 2022-23 में वनमंडल कटनी (सामान्य) एवं जिला वनोपज यूनियन कटनी के अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में किये जाने वाले भवन निर्माण कार्य, भवन मरम्मत कार्य, वृक्षारोपण कार्यों एवं अन्य कार्यों में उपयोग हेतु विनिर्माताओं/उत्पादकों अथवा उनके विक्रेताओं से सामग्री प्रदाय हेतु सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म प्रत्येक सामग्री के समूह के लिये अलग-अलग प्रस्तुत किया जाना है। प्रत्येक सामग्री के समूह हेतु फार्म की कीमत 500/- (पांच सौ रू. मात्र) नगद/बैंक ड्राफ्ट के रूप में देय होगी। निविदा शर्तें निविदा फार्म में उल्लेखित अनुसार होंगी। निविदा फार्म कार्यालयीन समय पर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से दिनांक 26.04.2022 को सायंकाल 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदाएं कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कटनी सामान्य में दिनांक 28.04.2022 को दोपहर 2 बजे तक जमा की जावेगी। तथा प्राप्त निविदायें उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 28.04.2022 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जावेगी। सामग्री की मात्रा अनुमानित है। इसके अतिरिक्त नए स्थलों में अतिरिक्त मात्रा की आवश्यकता होने पर वनमंडल से 60 किमी. की दूरी के अंतर्गत स्वीकृत दर पर ही निविदाकार को सामग्री प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। निविदाकार को समूह वार पृथक-पृथक निविदा के साथ धरोहर राशि समूह क्रमांक 01-रू. 50,000.00, समूह क्रमांक 02- रू. 50,000.00, समूह क्रमांक 03-रू. 50,000.00, समूह क्रमांक 04-रू. 25,000.00, समूह क्रमांक 05-रू. 25,000.00, समूह क्रमांक 06- रू. 20,000.00, समूह क्रमांक 07- रू. 20,000.00 का बैंक एफ.डी.आर./डिमांड ड्राफ्ट जो कि वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा, उक्त के उपरांत ही निविदाकार की निविदा मान्य की जावेगी। निविदाकार निविदा का प्रारूप एवं विस्तृत शर्ते वन विभाग की अधिकृत वेबसाइड www.mpforest.gov.in पर भी देख कर निविदा फार्म डाउनलोड कर अपनी निविदा उपरोक्त उल्लेखित राशि के बैंक एफ.डी.आर./डिमांड ड्राफ्ट जो कि वन मंडल अधिकारी, सामान्य वनमंडल कटनी के नाम से देय हो संलग्न कर सकते है। सामग्री से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म वन विभाग की अधिकृत वेबसाइड www.mpforest.gov.in में दी गई है।

टीप :- उक्त नियत तिथि को निविदा प्राप्त न होने पर अथवा स्वीकृत न होने की स्थिति में आगामी निविदा तिथि निम्नानुसार होगी :-

| क्र. | आगामी निविदा दिनांक | निविदा फार्म प्राप्त करने का दिनांक/समय | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक/समय | निविदा खोलने का दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05.05.2022 | दिनांक 02.05.2022 को कार्यालयीन समय में | 05.05.2022 को दोपहर 2.00 बजे तक | 05.05.2022 को दोपहर 3.00 बजे तक |

निविदा में आमंत्रित सामग्री का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. | स्थल एवं परिक्षेत्र जहां सामग्री प्रदाय की जाना है। | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| | | समूह क्रमांक-01 | |
| 1 | वनमण्डल के 60 कि.मी. की दूरी के अंतर्गत | सीमेंट 53 ग्रेड आई.एस.आई. मार्क (खुजराहो, जिंदल, कोनार्क, के.जे.एस. को छोड़कर) | |
| 2 | | लोहा माईल्ड टेस्टेड (कि.ग्रा.) आई.एस.आई. मार्क<br>06 MM, 08MM, 10MM, 12MM | |
| | | समूह क्रमांक - 02 | |
| 1 | | रेत (घ.मी.) | |
| 2 | | काली गिट्टी (घ.मी) 40 एम.एम. / 20 एम.एम. | |
| | | समूह क्रमांक - 03 | |
| 1 | | हार्ड मुरूम | |
| 2 | | ईंट साइज 20×10×10 Cm नग में — फ्लाई एस ब्रिक्स (फ्लाई एस बिक्स नग में) / ओपन पजावा | |
| | | समूह क्रमांक - 04 | |
| 1 | | दरवाजा चौखट (सतकठा)<br>3'6X7'0X4"X3"<br>2'9X7'0X4"X3" | |
| 2 | | खिड़की चौखट (सतकठा) ग्रिल सहित<br>5'0X4'6X4"X3"<br>4'0X4'6X4"X3"<br>3'0X4'6X4"X3" | |
| 3 | | रोशनदान चौखट (सतकठा) ग्रिल सहित<br>2'0X1'6X4"X3" | |
| | | समूह क्रमांक - 05 | |
| 1 | | दरवाजा पल्ला पल्स डोर<br>3'6X7'0<br>2'9X7'0 | |
| 2 | | खिड़की पल्ला पल्स डोर कांच सहित<br>5'0X4'6<br>4'0X4'6<br>3'0X4'6 | |
| 3 | | रोशनदान पल्ला कांच सहित<br>2'0X1'6 | |
| | | समूह क्रमांक - 06 | |
| 1 | | टाईल्स<br>600X600 Mm 80 box<br>300X450 mm 20 box | |
| | | समूह क्रमांक - 07 | |
| 1 | | गोबरखाद घ.मी. | |
| 2 | | उपजाऊ काली दोमट मिट्टी | |

G-11715/22

वन संरक्षक, सामान्य वनमंडल, कटनी

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,**
**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 — ई-मेल आई.डी.- dpepiukatni@gmail.com

एन.आई.टी. नंबर- 11/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ — दिनांक- 13.04.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2022_PWPIU_196267_1 | जिला कटनी में 50 सीटर अनुसूचित जाति प्री-मेट्रिक बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 300.96 | 301000 | 15000 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 18 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2022_PWPIU_196275_1 | जिला कटनी के रीठी में 50 सीटर अनुसूचित जाति पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 338.77 | 338800 | 15000 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 18 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक **19.04.2022 (समय सुबह 9:00) से दिनांक 02.05.2022 (समय शाम 6:00)** तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन **दिनांक 02.05.2022 को सांयकाल 06:00 बजे** तक प्राप्त किये जावेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रो मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-11748/22

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू.कटनी (म.प्र.)

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी (म0प्र)**

क्रमांक/टीकाकरण/कोचे/2022/2384 — कटनी दिनांक :-17/03/2022

**आम सूचना का प्रकाशन**

भारत सरकार द्वारा प्रदाय आई.एल.आर./डीपफ्रीजर/स्टेपलाईजर/कोल्ड बाक्स/वैक्सीन कैरियर जो इन्टरनल लीकेज या मरम्मत योग्य नही है को नीलाम किया जाना है उक्त उपकरण जहॉं है जिस स्थिति में है उसे उसी स्थिति में नीलाम किया जाना है।

अतः इच्छुक निविदाकर्ता निर्धारित तिथि तक कार्यालय समय में उपस्थित होकर राशि पॉच सौ जमा कर निविदा फार्म प्राप्त कर प्रकाशन दिनांक से दस दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदा फार्म मे वर्णित शर्तानुसार निविदाओं का समिति द्वारा अवलोकन करने के उपरांत ही नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

G-11730/22

(डॉ. प्रदीप मुड़िया)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कटनी (म.प्र.)

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 22 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

महीनों से अटके पड़े काम जब चंद मिनटों में हुए लोगों ने कहा-

# काश...नगर निगम रोज आते रहें कलेक्टर

## निरीक्षण के दौरान कामकाज से खिन्न दिखे प्रशासनिक मुखिया, सुधार लाने के निर्देश

**कटनी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के कल बुधवार को नगर निगम कार्यालय में आकस्मिक निरीक्षण के बाद शहर के लोगों का कहना है कि प्रशासनिक मुखिया को समय-समय पर नगर निगम कार्यालय का इस तरह आकस्मिक दौरा करते रहना चहिए। इससे न केवल कर्मचारी कार्य के प्रति जबावदेह रहेंगे, वरन लोगों के भी काम समय पर होते रहेंगे। बुधवार को जब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा अचानक नगर निगम पहुंचे, तो यहां हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई। विभागों में पहुंचने के बाद यहां अफरातफरी का माहौल देखा गया।**



कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कल नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीपीएल कार्ड बनवाने नगर निगम आए एनकेजे उड़िया मोहल्ला निवासी दिव्यांग राजकुमार मेहरा का सामना कलेक्टर से हो गया। कलेक्टर ने राजकुमार से नगर निगम आने का कारण पूछा तो राजकुमार के साथ आए उसके बेटे पूरन मेहरा ने बीपीएल कार्ड बनवाने की बात कही। कलेक्टर उसे उस शाखा में गए, जहां से उसका काम होना था। कलेक्टर ने राजकुमार की समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने पूरी संवेदनशीलता व सहृदयता से राजकुमार की एक-एक समस्या का निराकरण करने निगमायुक्त को निर्देशित किया। काम कराने इधर-उधर भटकने के बाद भी किसी अधिकारी कर्मचारी ने राजकुमार की समस्या को जानने में, निराकरण में उतनी रूचि नहीं दिखाई, जितनी संवेदनशीलता कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिखाई। महीनों से अटके पड़े काम जब चंद मिनटों में हुई तो लोगों ने कहा-काश यहां रोज आते रहें कलेक्टर।

### कलेक्टर ने जताई नाराजगी, कहा : 15 दिन में व्यवस्थाएं दुरूस्त करें

कलेक्टर ने नगर निगम की विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने नाराजगी जाहिर की और 15 दिन के अंदर वांछित सुधार कराने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने नस्तियों का अवलोकन कर उनके संधारण की जानकारी ली और नस्तियों को रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश प्रदान किए। उपयंत्री से खदानों से पानी लेने की कार्ययोजनाए कुल नवीन बोर की संख्या व अब तक की गई बोरिंग की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने जलापूर्ति सुचारू रखने आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। अलमारी में रखी पुरानी फाइलों को नियमानुसार नष्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### संतुष्टिपूर्ण नहीं दिया जवाब, नोटिस जारी करने के निर्देश

आवक जावक शाखा का निरीक्षण कर नियुक्त कर्मचारियों की संख्या की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने आवश्यकतानुसार ही कर्मचारियों को नियुक्त करने, कोषपाल कक्ष के निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारी द्वारा संतुष्टिपूर्ण जवाब न देने पर नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए। लेखा शाखा कक्ष का निरीक्षण कर विभागीय नियमानुसार अनावश्यक पुराने रिकार्ड का विनिष्टिकरण करने के निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिए। विधि शाखा में पहुंचकर कलेक्टर श्री मिश्रा ने अवैध निर्माण हटाए जाने के संबंध में और स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान वेतन वृद्धि, जीपीएफ, सीपीएफके प्रकरणों, ग्रेच्युटी, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान एसडीएम प्रिया चंद्रावत, आयुक्त सतेन्द्र धाकरे, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मेले में 1442 को मिला स्वास्थ लाभ

## विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल में शिविर का आयोजन



**कटनी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले भर में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। गुरूवार को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में हड्डी रोग, मेडीसिन, सर्जरी, महिला विशेषज्ञ, शिशु रोग, नाक कान गला सहित अन्य रोगों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य मेले में 1442 लोगों ने पंजीयन कराया था, जिनका जिला अस्पताल सहित निजी चिकित्सकों ने उपचार किया और दवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य मेले में अतिथि के रूप में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति प्रधान ममता पटेल उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप जलाकर मेले का शुभारंभ किया और अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजना के तहत स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाने का आग्रह किया। समिति प्रधान ने स्वयं का भी स्वास्थ्य परीक्षण मेले में कराया। कलेक्टर के निर्देश पर विकासखंड वार आयोजित स्वास्थ्य मेलों में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान व हेल्थ कार्ड भी बनाए जा रहे हैं।

### 89 पात्र हितग्राहियों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य मेले में शिविर लगाकर 89 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाए गएए जबकि 283 लोगों ने अपने हेल्थ कार्ड बनवाए। मेले में आयुष विभाग ने भी सेवाएं दीं तो जिले के निजी चिकित्सकों ने भी सेवाएं देते हुए लोगों का उपचार किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. आर बी सिंह, डॉ. दिनकर शर्मा, डॉ. दिनेश बरौड़ा, डॉ. पी सी ताम्रकार, डॉ. संदीप निगम, डॉ. चिराग अग्रवाल, डॉ. परितोष सोनी, डॉ. अतुल द्विवेदी, डॉ. राममणि पटेल, डॉ. मनीष गट्टानी, डॉ. सुषमा गट्टानी, डॉ. कमल नयन लहरिया, डॉ. स्नेहा चौधरी, डॉ. नम्रता जायसवाल, डॉ. शानू अग्रवाल, डॉ. अशोक चौदहा, डॉ. अभिषेक शर्मा, उदयभान सिंह सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## टेंकरों से बुझ रही प्यास



शहर में पेजयल संकट गहराने और कई वार्डों में आपूर्ति प्रभावित होने के बाद नगर निगम द्वारा टेंकरों के माध्यम से इन क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा कुछ अन्य लोगों द्वारा भी टेंकरों से वाटर सप्लाई की जा रही है। इससे लोगों को काफी हद तक राहत मिली है।

### नलजल योजना और 23 हैंडपंपों से मिल रहा पानी

**कटनी।** बहोरीबंद विकासखंड की ग्राम पंचायत कुआं में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एसएल कोरी ने बताया कि 2904 जनसंख्या वाले कुआं ग्राम पंचायत में नलजल योजना संचालित है। इसका संचालन और संधारण स्वयं ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा यहां 23 हैंडपंप स्थापित हैं और सभी चालू हालत में है। जिनसे ग्रामीणजन पीने व रोजमर्रा के जरूरत का पानी उपयोग कर रहे हैं।

From 22th April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| JERSY | 12.00 PM | KGF Hindi 2D | 12:15 PM | JERSY | 9:30AM |
| JERSY | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 1:00 PM |
| JERSY | 7:00 PM | KGF Hindi 2D | 6:45 PM | KGF Hindi 2D | 4:15 PM |
| JERSY | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 7:30 PM |
| | | | | KGF Hindi 2D | 10:40 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
निःशुल्क BMD शिविर
शनिवार, 7 मई 2022
समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए निःशुल्क है।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जवाब हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से रजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
फोन - 07622-405070, 405071

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाय 50 हॉल- ऑफिस, बैंक, गोदाम एवं कार्यालय के लिए
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,
जबलपुर रोड बरगवां,
कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

## कार्यालय नगर परिषद विजयराघवगढ़ जिला -कटनी (म.प्र.)

क्र./70/लो.नि.शा./न.परि./2022 विगढ़ दिनांक 19.04.2022

### निविदा आमंत्रण सूचना

कटनी नगर परिषद विजयराघवगढ़ अंतर्गत विधायक विकास निधि से वार्ड क्र. 11 में भगवान परशुराम मंगल भवन निर्माण विकास कार्य हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल की प्रचलित वर्ष 02.08.2021 एस.ओ.आर. के अनुसार समक्ष श्रेणी के नवीन पंजीकृत ठेकेदारों से सील बंद निविदायें स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 06.05.2022 के अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदा फार्म दिनांक 05.05.2022 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। अमानत राशि डिमांड ड्राफ्ट एवं नगद के रूप में स्वीकार्य की जायेगी जो की मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद विजयराघवगढ़ के नाम से संबोधित हो प्राप्त निविदायें दिनांक 06.05.2022 को समय 3.30 बजे अनावरित की जावेगी निविदा अनावरित के समय ठेकेदार एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहना चाहे तो रह सकते हैं। **निविदा संबंधी अन्य नियम व शर्तें कार्यालयीन कार्य दिवसों में लो.नि. शाखा में अवलोकित की जा सकती है।**

| क्रं | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | वार्ड क्रं. 11 में भगवान परशुराम मंगल भवन निर्माण कार्य | 4,98,236/- | 9965/- | 2000/- | (स) या उच्च एवं नवीन पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्टर्ड | 60 दिवस | प्रथम निविदा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पषिद विजयराघवगढ़, जिला-कटनी (म.प्र.)**

## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (मप्र)

क्रमांक 315/रा.वि./2022-23 कटनी दिनांक- 21/04/2022

### अधिसूचना

**भवनों/भूमियों पर सम्पत्तिकर नियम 2020 की गणना अनुसार वर्ष 2022-23 में सम्पत्तिकर अधिरोपित किये जाने के संबंध में ।**
**(म.प्र. राजपत्र प्राधिकार से प्रकाशित क्रं. 46 भोपाल, दिनांक 13 नवम्बर 2020 के अनुक्रम में)**

मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 46, भोपाल, शुक्रवार दिनांक नवंबर 2020 (अधि. क्रं. 395- एफ-1-246-2020-अठारह 3- भोपाल दिनांक 06 नवंबर 2020 के अनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिका भवन/भूमि के वार्षिक भाड़ा मूल्य (ALV) का निर्धारण) नियम, 1997 के स्थान पर नवीन नियम मध्यप्रदेश नगर पालिका (भवन/ भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) **नियम, 2020 अधिसूचित करते** हुए वर्ष 2022-23 के लिये संपत्तिकर स्वनिर्धारण समेकित दर शिक्षा उपकर एवं नगरीय विकास उपकर की दर /छूट/ भुगतान का निर्धारण किये जाने हेतु नियम बनाये गये हैं। (नवीन नियम ,2020 के परिपेक्ष्य में **वार्षिक भाड़ा मुल्य** के स्थान पर **कर योग्य सम्पत्ति मूल्य** अवधारित किया गया है। **तद्क्रम में मान. प्रशासक नगरपालिक निगम, कटनी द्वारा पारित संकल्प कमांक 23 /रा.वि./2022 कटनी दिनाँक 19.04.2022 अनुसार स्वकर प्रणाली अन्तर्गत वर्ष 2022-23 हेतु सम्पत्तिकर की दरों की स्वीकृति प्रदान की जाकर संकल्प पारित किया गया है,** तदानुसार मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका (भवन) भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2020 के अनुसार नगर के भीतर स्थित भवनों/ भूमियों पर संपत्तिकर देय है । मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 135 के प्रावधानों के अनुसार धारा 132 की उपधारा (1 ) के खण्ड (क ) के अधीन सम्पत्तिकर ऐसी दर पर **जो की कर योग्य सम्पत्तिमूल्य का न्यूनतम 6 प्रतिशत और अधिकतम 10 प्रतिशत निर्धारित कर प्रभारित, उद्गहिता तथा संदत्त किया जावेगा।** उक्त नियम के परिपेक्ष में निम्नानुसार कर योग्य सम्पत्ति मूल्य को अवधारित किया जाना प्रस्तावित है। 1. मध्यप्रदेश नगर पालिका (भवन /भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2020 के नियम 3 एवं 4 के अनुसार प्रत्येक नगरपालिका द्वारा नगरपालिका क्षेत्र को वर्ष विशेष में जिले के लिए निर्धारित कलेक्टर गांईडलाइन में निर्धारित क्षेत्रों के अनुरूप वर्गीकृत किया, परन्तु किसी क्षेत्र के वर्गीकरण में अस्पष्टता होने की स्थिति में कलेक्टर के मतानुसार वर्गीकरण मान्य किया जाएगा। अतः पूर्वानुसार ही नगर पालिक निगम, कटनी अंतर्गत समस्त परिक्षेत्रों को कलेक्टर गाईड लाईन में निर्धारित क्षेत्रों के अनुरूप वर्गीकरण किया जाना प्रस्तावित है । 2. मध्यप्रदेश नगर पालिका (भवन/भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम 2020 के नियम 5 के अनुसार कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण निम्न सिद्धांतों के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है।(1 ) इन नियमों के अधिसूचित होने के वर्ष में भवन अथवा भूमि का कर योग्य संपत्ति मूल्य उक्त भवन अथवा भूमि के वार्षिक भाडा मूल्य के बराबर होगा ।(2) आगामी वर्ष के भवन अथवा भूमि के कर योग्य सम्पत्ति मूल्य में न्यूनतम वृद्धि विगत वर्ष की कलेक्टर गाइड लाईन में निर्धारित भवन अथवा भूमि के बाजार मूल्य से वर्तमान वर्ष में हुई प्रतिशत वृद्धि के अनुरूप होगा, परन्तु यह कि विगत वर्ष से वर्तमान वर्ष में कलेक्टर गाइड लाईन में भूमि अथवा भवन के बाजार मूल्य में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने पर भी अधिकतम गणना 10 प्रतिशत वृद्धि कर योग्य सम्पत्ति मूल्य में की जाएगी, परन्तु यह भी कि कलेक्टर गाइड लाईन में कमी होने पर या वृद्धि न होने पर कर योग्य सम्पत्ति मूल्य विगत वर्ष के अनुसार ही रहेगा । 4 (नियम 5 (3) (क) इन नियमों के अधिसूचित होने के पश्चात् नगरपालिका की सीमा में नवनिर्मित भवन का कर योग्य संपत्ति मूल्य उपनियम 1 में परिभाषित उक्त क्षेत्र के वार्षिक भाडा मूल्य के अनुसार निर्धारित होगा तथा उक्त के अनुसार किसी वर्ष के लिए कर योग्य संपत्ति मूल्य की गणना की जाएगी । 1 (ख) इन नियमों के अधिसूचित होने के पश्चात् ऐसी भूमि तथा भवन जिनका कर योग्गा सम्पत्ति मूल्य द्वारा पूर्व से निर्धारित नहीं किया गया हो का कर योग्य संपत्ति मूल्य उपनियम में परिभाषित उक्त भक के निकटसा क्षेत्र के में कर योग्य सम्पत्ति मूल्य जैसा कि नगरपालिका द्वारा निर्धारित किया जाएगा तथा जैसा कि कर योग्य सम्पत्ति मूल्य किसी वर्ष के लिए तदनुसार गणना की जाएगी।

(ख) इन नियमों के अधिसूचित होने के पश्चात ऐसी भूमि तथा भवन जिनका करोग्य सम्पत्ति मूल्य नगरपालिका द्वारा पूर्व से निर्धारित नहीं किया गया हो का कर योग्य संपत्ति मूल्य उपनियम में परिभाषित उक्त भवन एवं भूमि के निकटस्थ क्षेत्र के में कर योग्य सम्पत्ति मूल्य, जैसा कि नगरपालिका द्वारा निर्धारित किया जाएगा तथा जैसा कि कर योग्य सम्पत्ति मूल्य किसी वर्ष के लिए तदनुसार गणना की जाएगी ।(ग) नगरपालिका क्षेत्र की वृद्धि होने पर नगरपालिका सीमा में सम्मलित होने वाले भवन एवं भूमिका कर संपत्ति मूल्य उपनियम 1 में परिभाषित उक्त भवन एवं भूमि के निकटस्थ क्षेत्र के कर योग्य सम्पत्ति मूल्य के अनुसार नगरपालिका द्वारा निर्धारित किया जाएगा तथा कर योग्य सम्पत्ति मूल्य किसी वर्ष के लिए तदनुसार गणना की जाएगी। नियम 5 के अधीन भवनों व भूमियों का कर योग्य सम्पत्ति मूल्य अवधारण करने के प्रयोजन से भवनों के निर्मित क्षेत्र तथा भूमियों के क्षेत्र के लिए प्रति वर्गमीटर वार्षिक दर का निर्धारण किया जाना प्रस्तावित है । माप हेतु अन्य मानकों का प्रयोग नहीं किया जायेगा 5) नियम 6 (एक) के अधीन भवनों व भूमियों का कर योग्य सम्पत्ति मूल्य अवधारण करने के प्रयोजन से भवनों के निर्मित क्षेत्र तथा भूमियों के क्षेत्र के लिए प्रति वर्ग मीटर वार्षिक दर का निर्धारण किया जाना प्रस्तावित है । नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 135 के उपबंधों के अधीन नगरपालिक निगम की दशा में सम्पत्ति कर की ऐसी दरों का निर्धारण, जो कर योग्य सम्पत्ति मूल्य के छह प्रतिशत से कम तथा दस प्रतिशत से अधिक नहीं होगी । 6) वित्तीय वर्ष 2022-23 में सम्पत्तिकर की दरों में वृद्धि हेतु कलेक्टर गाईड लाईन वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 की तुलना करने पर वृद्धि न होने के कारण वित्तीय वर्ष 2022-23 में सम्पत्तिकर की दरों में बढोत्तरी होना प्रस्तावित नहीं है किन्तु नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 135 के उपबंधों के अधीन उपरोक्तानुसार निर्धारित वार्षिक भाडा मूल्य/कर योग्य सम्पत्ति मूल्य की दरों में निम्नानुसार वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 135 के उपबंधों के आधीन **नोट-** उपरोक्त स्लैब की गणना आयकर के समान नहीं है अर्थात वार्षिक भाडा मूल्य / कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 6000/-रू.

| क्रं. | वार्षिक भाड़ा मूल्य/कर योग्य सम्पत्ति मूल्य | सम्पत्ति कर की दर |
|---|---|---|
| 1. | 6000/- रूपए तक | कर मुक्त |
| 2. | 6001/- रू. से 15,000/- रू. तक | वार्षिक भाड़ा का 6 प्रतिशत |
| 3. | 15,001/- रू से 25,000/- रू.तक | वार्षिक भाड़ा का 8 प्रतिशत |
| 4. | 25,001/- रू. से अधिक | वार्षिक भाड़ा का 10 प्रतिशत |

तक सम्पत्तिकर से मुक्त होंगे परन्तु कर योग्य सम्पत्ति मूल्य 6001 /-रु. तक होने पर सम्पत्तिकर देय होगा । 7) समेकित कर मप्र में नगर निगमों पर Per Capita के आधार पर टैक्स की दृष्टि से नगर निगम कटनी की स्थिति खराब होने के कारण नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 132 (5)(क)(ख ) के अंतर्गत ऐसे समस्त भवन एवं भूमि जिन पर सम्पत्तिकर देय है अथवा नहीं हैं उन समस्त भूमि/ भवनों पर समेकित कर 180/- रूपये किया जाना प्रस्तावित है । 8) नियम 6 (दो ) नियम 5 के अधीन भवनों तथा भूमियों का कर योग्य सम्पत्ति मूल्य के दरों का निर्धारण करने के प्रयोजन से भवनों के निर्मित क्षेत्र के लिए वार्षिक प्रतिवर्ग मीटर तथा भूमियों के क्षेत्र के लिए वार्षिक प्रति वर्ग मीटर का निर्धारण 9) नियम 6 (तीन) विवरणी जमा करने तथा सम्पत्ति कर की राशि को जमा करने की अवधि का निर्धारण सम्पत्ति कर स्वकर निर्धारण की विवरणी माह अप्रेल 22 से मार्च 23 तक जमा कराई जाकर 01 अप्रैल 2022 से सम्पत्ति कर की राशि नियमानुसार जमा कराई जावेगी (10) नियम 6 (चार) अधिभार विवरणी तथा सम्पत्ति कर की राशि निर्धारित अवधि में जमा न करने पर देय सम्पत्ति कर राशि अधिकतम 10 प्रतिशत तक अधिभार के रूप में राशि वसूल की जावेगी, जो जिस अनुसार माह अप्रैल 2022 से बकाया राशि पर अधिकतम 10 प्रतिशत वार्षिक अधिभार देय होगा जो चकवृद्धि नहीं होगा तथा उसी वर्ष के लिए देय होगा ।

11) नियम 9 सम्पत्ति कर की गणना :- मध्य प्रदेश नगर पालिका (भवन/ भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण) नियम, 2020 के नियम 9 के अनुसार कर योग्य संपत्ति मूल्य की गणना नियम 5 के अधीन अवधारित दरो के आधार पर कर योग्य सम्पत्ति मूल्य की गणना की जाकर उसमें से निम्नलिखित कटौती के पश्चात जो शुद्ध कर योग्य सम्पत्ति मूल्य आयेगा उस पर नियम 6 में निर्धारित दर के अनुसार मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 136 के अध्यधीन रहते हुये सम्पत्तिकर देय होगा । भवनों के रख-रखाव के प्रयोजन से 10 प्रतिशत, यह और भी कि यदि किसी भवन स्वामी द्वारा अपने किसी भवन में जल पुनर्भरण, भू-जल संर्वधन एवं धूसर जल पुर्नचक्रण के लिए योग्य तकनीकी उपकरण लगाये जाते हैं, तब ऐसे भवन के कर योग्य संपत्ति मूल्य में भवनों के रख-रखाव के प्रयोजन से निर्धारित 10 प्रतिशत कटौती के उपरान्त 6 प्रतिशत की अतिरिक्त कटौती की पात्रता उस वर्ष में मान्य की जायेगी, जिस वर्ष में ऐसे तकनीकी उपकरण लगाये गये हो । अधिनियमित अनुसार नियम 10 के अधीन जमा की गई विवरणी की जांच विवरणी की प्राप्ति से अधिकतम 3 वर्ष के भीतर की जा सकेगी । उक्त कालावधि की समाप्ति के पश्चात विवरणी की जांच नहीं की जाएगी। **12) शिक्षा उपकरः-** पूर्व वर्षों के अनुसार मूल वार्षिक भाडे पर 2 प्रतिशत यथावत रहेगा । **13) सम्पत्ति उपकर (नगरीय विकास उपकर)** नियम 2007 के अंतर्गत राजपत्र 16 अप्रैल 2007 के अनुसार ऐसे भवन एवं भूमि जो व्यवसायिक प्रयोजन हेतु निर्धारित है उनमें शुद्ध वार्षिक भाडे का 2 प्रतिशत एवं आवासीय प्रयोजन हेतु भवनों पर 1 प्रतिशत नगरीय विकास उपकर पूर्वानुसार देय होगा । 14) मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137 (1) के अनुसार करदाताओं द्वारा निर्धारित अवधि के पूर्व सम्पत्तिकर का भुगतान यिके जाने पर पूर्वानुसार सम्पत्तिकर पर छूट का लाभ दिया जाना प्रस्तावित है :-

**1) करदाताओं द्वारा सम्पत्तिकर माह अप्रेल/ मई 2022 में जमा करने पर - 6 प्रतिशत**
**2) करदाताओं द्वारा सम्पत्तिकर माह जून/ जुलाई 2022 में जमा करने पर - 5 प्रतिशत**
**3) करदाताओं द्वारा सम्पत्तिकर माह अगस्त/ सितम्बर 2022 में जमा करने पर - 3 प्रतिशत**

माह 01 अक्टूबर 2022 से माह 31 मार्च 2023 तक में सम्पत्तिकर की राशि जमा करने पर कोई छूट नहीं रहेगी।

15) **नियम 13 : विवरणी प्रस्तुत न करने पर अधिमारः** यदि कोई भवन या भूमि स्वामी नियम 6 में निधारित तारीख तक विवरणी सहित कर की राशि नगरपालिका में जमा नहीं करता है तब कर योग्य राशि पर नियम 6 के अधीन निर्धारित दर पर अधिभार (सरचार्ज) देय होगा । 15) **वार्षिक भाडा मूल्य की गणना हेतु छूट का प्रावधानः-** क) भवन के कुल वार्षिक भाडा मूल्य पर रखरखाव आदि के लिए 10 प्रतिशत वार्षिक भाडा में छूट दी जावेगी । ख) स्वयं के आवासीय भवन में आवास करने पर उसके दखल में छूट :- संपत्ति कर की राशि में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी । ग) विधवा/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा भूतपूर्व सैनिकों आदि को नियमानुसार छूट दी जावेगी । घ) नगर निगम सीमांतर्गत पृथक-पृथक वार्डो में व्यवसायिक परिसर एवं बहुमंजिला आवासीय भवनों का निर्माण हुआ है । उक्त भवनों में भवन की नाप के साथ-साथ बहुमंजिला भवन के पैसेज, सीढ़ी इत्यादि का कुल एरिया जोडकर भवन की समस्त इकाई में समान रूप से विभाजित होकर कर कायम होगा । 16) शासन की सम्पत्तियों पर सेवा शुल्क की गणना का आधार एवं सेवा शुल्कः- केन्द्रीय शासन की सम्पत्ति पर वार्षिक भाडा मूल्य की गणना की जावेगी इस सेवा शुल्क की वसूली सीधे केन्द्र शासन के संबंधित विभाग से की जावेगी । 17) अ. औद्योगिक संस्थानों जैसे एसीईए फुड कारपोरेशन, होटल, रेस्टारेंट, लॉजिंग, बोर्डिंग, सेन्ट्रल वेयर हाउस, सिनेमा घर एवं इसी प्रकार के अन्य संस्थानों मैरिज गार्डन, शराब दुकान, निजी चिकित्सालय/प्राईवेट नर्सिंग होम) पेट्रोल पंप/मोबाईल टॉवर/एटीएम/एटीपी एवं बैंक एवं मॉल (बिग बाजार) जैसी सहप्रकृति के भवन/ भूमि में क्षेत्रफल के आधार पर वार्षिक भाडा व मिलने वाले अनुबंध अनुसार किराये के आधार पर वार्षिक भाडा/ कर योग्य सम्पत्ति मूल्य आंकने पर जो अधिक होगा वह मान्य होगा ।

**ब.** केन्द्रीय व राज्य सरकार के उपक्रमों के व्यावसायिक भवनों के लिए दरें उसी क्षेत्र के व्यवसायिक दरों से 25 प्रतिशत अधिक मानकर वार्षिक भाडे/कर योग्य सम्पत्ति मूल्य की गणना कर कर कायम किया जायेगा । (18) करदाता द्वारा निर्धारित समयावधि में स्वकर निर्धारण विवरणी प्रस्तुत न करने पर एवं स्वकर निर्धारण की जमा न करने पर आयुक्त या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा भवन का भाडा मूल्य निर्धारित किया जावेगा । भवन/भूमिस्वामी के द्वारा प्रस्तुत विवरणी की समीक्षा पर यदि यह पाया जाता है कि उसम वर्णित कोई जानकारी सही नहीं है या शंकास्पद है या किसी अन्य कारण से कर योग्य सम्पत्ति मूल्य का पुर्ननिर्धारण आवश्यक है तब अधिनियम के उपबंध के अधीन निगम द्वारा कर योग्य सम्पत्ति मूल्य के पुर्ननिर्धारण की कार्यवाही की जा सकेगी । पुर्ननिर्धारण में किसी ओर से 10 प्रतिशत की फेरफार को ध्यान में नहीं लिया जायेगा, किन्तु फेरफार 10 प्रतिशत से अधिक हो, तब स्वामी द्वारा किये गये स्वनिर्धारण तथा निगम द्वारा किये गये पुर्ननिर्धारण के अंतर की रकम के पांच गुने के बराबर शास्ति (पेनाल्टी) आरोपित की जायेगी । 19) प्रत्येक भवन में उपयोग के अनुसार ही पृथक-पृथक व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्र की गणना करते हुए कर योग्य सम्पत्ति मूल्य निकालकर करारोपण किया जायेगा । 20) नियम 11 करदाता द्वारा निर्धारित समयावधि में स्वकर निर्धारण विवरणी के साथ में नगरपालिक निगम कटनी कार्यालय/ उप-कार्यालय में सम्पत्ति कर की राशि नगद/चैक/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अथवा ऑनलाईन पेमेन्ट **www.mpenagarpalika.gov.in APP** के माध्यम से जमा कर सकेंगे ।

**सत्येन्द्र सिंह धाकरे आयुक्त नगरपालिक निगम, कटनी**

# पीएम आवास योजना की लक्ष्यपूर्ति में बरती लापरवाही तो होगा निलंबन

**कटनी।** सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत समस्त सुपरवाइजर को आवंटित ग्राम पंचायतों में फील्ड विजिट करते हुए आवासों की प्रगति व पूर्णता एवं आवास प्लस सत्यापन कार्य कर समस्त प्रक्रिया सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए थे। जिस के परिपालन में जनपद पंचायत रीठी क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों के आवास पूर्णता कराये जाने, आवास प्लस के हितग्राहियों का सत्यांपन करने, सत्यापित हितग्राहियों का पंजीयन करने एवं प्राप्त किश्तों के अनुसार आवास निर्माण किये जाने हेतु शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नामांकित किये गये है किन्तु नोडल अधिकारियों के द्वारा योजना के क्रियान्वयन में शासन की मंशानुसार अपेक्षित प्रगति नहीं लाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रीठी द्वारा प्रफुल्ल तिवारी पंचायत



समन्वय अधिकारीए डीलन सिंह प्रभारी खण्ड पंचायत अधिकारीए डीडी बेन उपयंत्री, श्री आर0बी0 सिंह उपयंत्रीए श्री अनिल जाटव उपयंत्रीए श्री के0पी0 बागरी आजीविका मिशन एवं मथुरा प्रसाद आजीविका मिशन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। श्री ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी के द्वारा बताया गया कि अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा प्रत्येक सप्ताह प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की जा रही है तथा अपेक्षित प्रगति नहीं लाये जाने वाले सुपरवाईजरों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने भी निर्देश है। उक्त के अनुक्रम में दिनांक 20ध्04ध्2022 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा विभिन्नं ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया गया जिस पर सुपरवाईजर श्री प्रफुल्ल कुमार तिवारीए सचिव ग्राम पंचायत पोंडी श्री महेन्द्र तिवारी एवं सचिव ग्राम पंचायत बरयापुर श्री भोलाराम चढार मौके पर अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थिति सुपरवाईजर एवं पंचायत सचिव को एक दिवस के लिये अवैतनिक किया गया। फील्ड भ्रमण के दौरान श्री ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा अमृत सरोवर योजना अंतर्गत स्वीकृत नवीन तालाबों का भी मनरेगा अधिकारी डॉ अजीत सिंह एवं सेक्टर उपयंत्री के साथ भ्रमण किया गया। सीईओ जनपद श्री ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि यदि लक्ष्य के अनुरूप ग्राम पंचायत सचिवों एवं सुपरवाईजरो के द्वारा प्रगति नहीं लाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।



# ई-श्रम कार्ड के लिए 50 श्रमिकों का हुआ पंजीयन

**कटनी।** प्रदेश भाजपा द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा विगत 13 अप्रैल से सामाजिक न्याय पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा श्रमिकों को जन हितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से ई-श्रम कार्ड शिविर का आयोजन चंद्रशेखर आजाद वार्ड में किया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता और मोर्चा के मुड़वारा मंडल अध्यक्ष संतोष पटेल की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में करीब 50 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन ई श्रम कार्ड के लिए किया गया तथा 30 से अधिक श्रमिकों को मौके पर ही ई श्रम कार्ड बनाकर दिए गए। कार्यक्रम प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री प्रदीप साहू द्वारा ई श्रम कार्ड के लाभ की जानकारी शिविर में मौजूद श्रमिकों को दी गई। आभार प्रदर्शन मोर्चा के सदस्य मौसम विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम दौरान भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष अजय माली, आदेश खरया, योगेश श्रीवास्तव, सुनील विश्वकर्मा, राहुल एवं बड़ी संख्या में श्रमिकों की मौजूदगी रही।

**भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने आयोजित किया शिविर, श्रमिकों को मौके पर कार्ड वितरित**

# मझगंवा बीट की वीरान पहाड़ी में जी उठा जंगल





**कटनी।** समाज की लापरवाही और मनुष्य द्वारा लगातार जंगल काटे जाने की वजह से कुछ साल पहले तक कटनी जिले के मझगंवा की पहाड़ी गिने-चुने पेड़ों के तनों के ठूंठ और जंगली झाड़ियों तक सिमट गई थी, आज वहां मिश्रित प्रजाति के हजारों पेड़-पौधे लहलहा रहे हैं। अब यह पहाड़ी ग्रामीणों की जनसहभागिता और संयुक्त वन प्रबंधन से बिगड़े वनों के सुधार की मिसाल बन गई है। करीब 652 हेक्टेयर क्षेत्र के इस बिगड़े वन को वन समिति की सहभागिता और सक्रियता से नया जीवन मिला। पेड़-पौधों से उजाड़ और वीरान हो चुकी मझगंवा की इस पहाड़ी में अब जंगल जी उठा है। दरअसल कटनी शहर के नजदीक होने के कारण अत्यधिक जैविक दबाव, जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति एवं आस-पास के ग्रामीण इलाकों के करीब 4 हजार से अधिक पालतू पशुओं की चराई भी इसी वन क्षेत्र पर निर्भर थी। जिससे मझगंवा का पूरा जंगल बिगड़े वन क्षेत्र में परिवर्तित हो गया था।

मझगवां बीट के आरएफ-107,108 से मझगवां, बंजारी, पौड़ी, छैगरा, बिजौरी, उमड़ार गांव से लगा वन विभाग का 652 हेक्टेयर रिजर्व फारेस्ट है। मझगवां वन समिति के अध्यक्ष संतराम कुशवाहा ने बताया कि कुछ साल पहले जंगल नष्ट होने की स्थिति में पहुंच गया था। वन विभाग ने इस क्षेत्र में वन सुधार के तहत काम करना शुरू किया और उसमें वन समिति के सदस्यों की मदद ली गई। 11 सदस्यीय वन ग्राम समिति ने वन विभाग के साथ पौधे रोपने के साथ ही उनके वृक्ष बनने तक और पुराने पेड़ों को सुरक्षित रखने की कवायद प्रारंभ की। उसका नतीजा यह है कि 652 हेक्टेयर वन भूमि वर्तमान में हरियाली से भरी है। शहर से लगा यह वन क्षेत्र जहां आमजनों को आकर्षित करता है तो वहीं जंगल में वन्य प्राणियों को भी सुरक्षित स्थान मिल रहा है। यहां पर वन विभाग ने वन्य प्राणियों को पानी पीने के लिए समाजसेवी संस्था के माध्यम से पौंसरा की व्यवस्था की है और जंगल में राष्ट्रीय पक्षी मोर, चीतल, सांभर, जंगली सुअर, नीलगाय सहित अन्य वन्य प्राणी निर्भय होकर विचरण करते हैं, जो यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होते हैं। वन मंडलाधिकारी कटनी आरसी विश्वकर्मा बताते हैं कि इस पहाड़ी को हरितिमा से आच्छादित करने में ग्रामीणों की समझ और सहभागिता प्रशंसनीय है। वन समिति के सदस्यों ने न केवल पेड़ों की देखरेख की बल्कि कटाई करने वालों को जंगल और पेड़ों का महत्व बताकर लोगों को जागरूक करने का भी काम किया। श्री विश्वकर्मा कहते हैं कि सही मायनों में ग्रामीण ही इस पहाड़ी के पेड़-पौधों के सबसे बड़े रखवाले हैं। इनकी जिद और जुनून ने ही पहाड़ी को हरा-भरा कर दिया है। रेंजर एल.एन. चौधरी ने बताया कि अब इस पहाड़ी के घने जंगल में चीतल, सांभर, हिरण, खरगोश, जंगली सुअर और सियार बड़ी संख्या में हैं साथ ही अनेक प्रजातियों के पक्षियों का भी कलरव सुनाई देता है।

**ग्रामीणों की मदद से साढ़े 6 सौ हेक्टेयर की पहाड़ी में हुआ बिगड़े वन का सुधार**

## वन समितियों के साथ चौकीदार भी करते हैं सुरक्षा

652 हेक्टेयर के रिजर्व फारेस्ट के पेड़ों व वन्य प्राणियों की सुरक्षा में वर्तमान वन समिति अध्यक्ष संतराम कुशवाहा के साथ ही उपाध्यक्ष कत्ती बाई, सदस्य चुटुवादी कोल, प्रीति कुशवाहा, बोधन प्रसाद चौधरी, लक्ष्मण प्रसाद सोनी, सुभाष कुशवाहा, संतोष कोल, सिकंदर कोल, बापी तरफदार भी रिजर्व फारेस्ट के पेड़ों की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करते हैं। बीट गार्ड शक्तिपाल सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वन क्षेत्र को सुधारने और पेड़ों, वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए दो चौकीदार फूलचंद कोल व दुलीचंद कोल को भी तैनाम किया गया है, जो वर्षो से ग्रामीणों, वन समितियों के सदस्यों के सहयोग से वन व वन्य प्राणियों की सुरक्षा में 24 घंटे सेवाएं देते हैं। पहाड़ी के आसपास के ग्रामीणों को अब इस जंगल से गिरी-पड़ी सूखी जलाऊ लकड़ी के अलावा तेंदूपत्ता, महुआ, अचार एवं अन्य वन औषधीय वनोपज उत्पाद भी प्राप्त हो रहे हैं। समिति द्वारा इन उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य या इससे अधिक दर पर विक्रय कर लाभांश के रूप में आय अर्जित हो रही है।

# स्वास्थ्य मेले का हाल जानने पहुंचे कलेक्टर







## उमरियापान में 1336 मरीजों को मिला उपचार, निशुल्क दवाएं भी वितरित

**कटनी।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाले मेलों की कड़ी में बुधवार को ढीमरखेड़ा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने क्षेत्र के मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों डॉक्टर्स व स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का ध्यान रखने और लोगों को मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान करने के निर्देश बीएमओ को प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे भी उपस्थित थे।

उमरियापान स्वास्थ्य मेले में बच्चों की जांच, केंसर, हार्ट संबंधी जांच, डेंटल, नेत्र रोग, मलेरिया, मेडीसिन, चर्मरोग, ग्यानालॉजिक, मानसिक रोग सहित अन्य बीमारियों के लिए 1336 लोगों ने पंजीयन कराया। जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया और निशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं।

स्वास्थ्य मेले के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड व हेल्थ कार्ड बनाने की व्यवस्था भी की गई थी। मेले में 161 लोगों की हेल्थ आईडी बनाई गई। जबकि 95 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य मेले में आयुष विभाग का काउंटर भी लगाया गया था, जिसमें पहुंचकर लोगों ने सेवाओं का लाभ उठाया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने भी स्वास्थ्य मेले में सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान जनपद पंचायत प्रशासकीय समिति प्रधान साधना राजेश चौरसिया, बीएमओ डॉ. अजय सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, मंडल अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, राजेश चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत चौरसिया सहित चिकित्सक, जनप्रतिनिधि व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेलवृत्ति के लिये 31 मई तक आवेदन आमंत्रित

**कटनी।** प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्यस्तरीय प्रतियोतगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2022 की राज्यस्तरीय खेलवृत्ति के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजयभार ने बताया कि वर्ष 2022 की खेलवृत्ति के लिये 31 मई 2022 तक आवेदन किये जा सकते हैं। खेलवृत्ति के लिये आवेदन कार्यलय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कटनी से प्राप्त किये जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी विभागीय वेबसाईट ूण्केलूउचण्हवअण्पद पर उपलब्ध कराई गई है। अधिकृत राज्यस्तरीय में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रुपये, रजत पदक पर 8 हजार रुपये एवं कास्य पदक पर 6 हजार की खेलवृत्ति राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

# कलेक्टर ने इमलिया, छहरी का किया निरीक्षण

## अमृत सरोवर निर्माण सहित अन्य कार्यों की ली जानकारी, दिए आवश्यक निर्देश

**कटनी।** ग्राम पंचायतों में जो भी जल संरचनाएं बनाई जा रही हैं, उनमें बारिश के समय अधिकतम जलभराव हो सके, इस बात का ध्यान रखकर निर्माण कराएं। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों से भी चर्चा करें ताकि आने वाले समय में अधिक से अधिक लोगों को जल संरचनाओं का लाभ मिल सके। यह निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत इमलिया व छहरी में बनाए जा रहे नवीन तालाब (अमृत सरोवर), तालाब विस्तारीकरण व चैक डेम निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्माणाधीन तालाब में काम कर रहे श्रमिकों के जारी मस्टररोल व उपस्थित श्रमिकों की भी जानकारी ली। साथ ही श्रमिकों को प्रदान की जाने वाली दैनिक मजदूरी के संबंध



में श्रमिकों से चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिन्हित स्थलों पर निर्माण के दौरान जल संचय किस ओर से अधिकतम होगा, इस पर फोकस करते हुए निर्माण कराए जाएं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने गौशाला, सैगरीगेशन शेड, ग्राम पंचायत भवन परिसर का भी निरीक्षण किया। गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंश के रखरखाव के संबंध में भी जानकारी ली और कहा कि गौशाला से उपलब्ध गोबर व वेस्ट से स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से खाद पैकेट तैयार कराते हुए विक्रय कराएं, इससे समूहों के आय में वृद्धि होगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने छहरी ग्राम पंचायत भवन परिसर में 15वें वित्त से निर्मित उद्यान की सराहना की और उसकी देखभाल, सुरक्षा नियमित रूप से करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कटनी की ओर इमलिया के पास मिलने वाले नाले का अवलोकन किया और जनभागीदारी, मनरेगा के माध्यम से जल संचय व जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्य करने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत देवरी पाठक के ग्राम सहजपुरी में 14 लाख 7 हजार रुपए से लागत के निर्माणाधीन तालाब का निरीक्षण किया और जल संग्रहण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, सीईओ जनपद पंचायत विनोद पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कड़ी धूप में राशन के इंतजार में खड़े रहे ग्रामीण

## कन्हवारा में दो महीने से गरीबों को नहीं मिला कोटे का खाद्यान्न,नाराज जनपद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री एवं खाद्यमंत्री से की शिकायत







**कटनी।** प्रदेश में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबी रेखा और अति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करना वाले उपभोक्ताओं को उचित मूल्य राशन दुकानों से हर महीने सस्ती दर पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हर महीने की 7 तारीख को अन्नोत्सव मनाये जाने के आदेश हैं। जिसके तहत गरीबों को नि शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। बीते 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री जब कटनी प्रवास पर थे तब उन्होंने बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र की एक राशन दुकान से स्वयं अपने हांथों से गरीबों को खाद्यान्न वितरित किया था। बावजूद इसके अभी भी जिले में अनेक जगह गरीबों को वितरित किये जाने वाले राशन में गड़बड़ी के मामले सामने आते रहते हैं। ताजा मामला कटनी विकासखंड की कन्हवारा ग्राम पंचायत में सामने आया है जहां गरीबी रेखा कार्डधारियों को दो महीने से भी अधिक समय से राशन वितरित नहीं किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिन जैसे ही ग्रामीणों को राशन वितरण की जानकारी मिली वे धूप और गर्मी परवाह न करते हुए उचित मूल्य राशन दुकान पहुंच गए। सैकड़ों की संख्या में ये उपभोक्ता कड़ी धूप में दुकान खुलने का इंतजार करते रहे पर उचित मूल्य दुकान नहीं खुली। बताया गया कि यहां 891 कार्डधारी निवास करते हैं। जिन्हें हर महीने उनके हिस्से का राशन मिलना चाहिए। साथ ही हर महीने की सात तारीख को निःशुल्क खाद्यान्न मिलना चाहिए। राज्य और केन्द्र सरकार गरीबों को हर हाल में मुफ्त या रियायती दर पर राशन देने का दावा करती है। लाखों टन खाद्यान्न शासन की ओर से जारी किया जाता है। कोरोना काल में लोगों को दोगुना राशन उपलब्ध कराया गया। इसके बाद भी कतिपय राशन दुकान संचालकों द्वारा राशन वितरण में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। कन्हवारा में राशन वितरण में सामने आई गड़बड़ी की शिकायत कुछ उपभोक्ताओं द्वारा जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी से की गई। जिस पर उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी एवं कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री तक से इसकी शिकायत करने की बात कही। कन्हवारा के ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष को शिकायत में बताया कि हम लोगों को पिछले दो महीने से कोटे का राशन नहीं मिल रहा है। जब भी आओ तो दुकान बंद मिलती है पूंछे जाने कल आओ, परसों आओ कहकर भगा देते हैं। कमला बाई, कलावती बाई और पंचवटी लोधी ने बताया की हम लोग पिछले माह से आ रही हैं, इस माह भी 3 दिन से लगातार चक्कर लगाने के बाद भी राशन दुकान बंद ही मिल रही है। वही बुजुर्ग भगवान दास व महेशदत्त बताते हैं कि दुकान संचालक को गरीबों से कोई सरोकार नहीं है। कोई न कोई बहाना कनाकर बाद में राशन वितरण की बात कहते रहते हैं। दुकान संचालक की शिकायत पूर्व में भी हुई थी जिस पर कोई कार्यवाही नही होती।

### राशन दुकान पहुंचे जनपद अध्यक्ष

शिकायत मिलने पर जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी खुद कन्हवारा सोसायटी जा पहुंचे जहां बड़ी संख्या में महिलाएं समेत बुजुर्ग दुकान खुलने का इंतजार करते दिखे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष ने सोसायटी संचालक को दूरभाष से संपर्क करने की कोशिश भी की लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। नाराज कन्हैया तिवारी ने पूरे मामले की शिकायत प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान सहित खाद्यमंत्री एवं जिम्मेदार अधिकारियों से करने की बात कही।

# शिक्षा विभाग में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये तीन सदस्यीय समिति गठित

## जिला शिक्षा अधिकारी ने 7 दिवस में कार्यवाही पूर्ण करने के दिये निर्देश

**कटनी।** प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम 2018 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह ने 3 सदस्यीय समिति से परीक्षण कराये जाने एवं जिलास्तरीय पात्रता समिति की अनुशंसा के लिये परीक्षण समिति का गठन किया है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा कला कटनी के प्राचार्य राजेश अग्रहरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निटर्रा के प्राचार्य अनिल चक्रवती और शासकीय हाई स्कूल पुरवार कटनी के प्राचार्य आलोक पाठक को इस समिति में शामिल किया गया है। संबंधित समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नस्तियों के परीक्षण के लिये निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर नस्तियों का परीक्षण करें, लंबित प्रकरणों की नस्तियां संकुल प्राचार्य से मंगाकर तथा कमियों की सात दिवस में पूर्ण कराकर जिलास्तरीय पात्रता समिति से अनुमोदन की कार्यवाही करेंगे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# शोपीस बना खैबर लाइन में लगा नया ट्रांसफार्मर

**दो साल पूर्व लगाने के बाद विद्युत सप्लाई शुरू करना भूला विद्युत मंडल**



### लो वोल्टेज की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के संत कंवरराम वार्ड के खैबर लाइन क्षेत्र में पानी की टंकी के पास दो साल पूर्व लगाए गए ट्रांसफार्मर से आज तक क्षेत्र में विद्युत सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। उधर दूसरी तरफ क्षेत्र के लोग एक ही ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई मिलने की वजह से लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। क्षेत्रवासियों के मुताबिक क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या को दूर के करने के लिए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा यहां पानी की टंकी के पास नया ट्रांसफार्मर दो साल पहले लगवाया था लेकिन उससे क्षेत्र में विद्युत सप्लाई देना भूल गया। जिसके कारण क्षेत्र के लोग आज भी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं तथा गर्मी के मौसम में लोड बढ़ते ही यह समस्या बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों ने इस समस्या का ध्यान अधीक्षण यंत्री संजय अरोरा व शहर संभाग के कार्यपालन यंत्री की ओर आकर्षित कराते हुए दो साल पूर्व लगाए गए नए ट्रांसफार्मर से भी विद्युत आपूर्ति प्रारंभ करने की मांग की है। वहीं कुछ क्षेत्रवासियों का कहना है कि शीघ्र इस समस्या का निराकरण बिजली कंपनी के द्वारा नहीं किया जाता तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**कैमोर के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) के न्यायालय ने सुनाया फैसला**

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी का अपहरण व बलात्कार करने के आरोपी कुशल कोल को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की न्यायालय ने धारा 376(2)(एन), 376(2)(आई), 363, 366 के अंतर्गत अपराध में दोष सिद्ध पाया तथा धारा 376(2)(एन), 376(2)(आई) के अंतर्गत 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 363, 366 के अंतर्गत 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास और 6 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सुश्री नविता पिल्लई द्वारा की गई। कैमोर थाना क्षेत्र के एक गांव के ही रहने वाले आरोपी कुशल कोल व पीड़ित किशोरी घटना दिनांक से लगभग तीन माह पूर्व से एक साथ बकरी चराने जाते थे। जिससे दोनों में



दोस्ती हो गई। इस दौरान आरोपी कुशल कोल ने दोस्ती का फायदा उठाते हुए नाबालिग किशोरी की इच्छा के विरूद्ध उसके साथ घर व खेत में दुष्कर्म किया। इसके बाद 7 अप्रैल 2018 की शाम जब नाबालिग की मां बाजार गई थी। उसीदौरान नाबालिग के अकेलेपन का फायदा उठाकर आरोपी घर आया और शादी के प्रलोभन देकर उसे अपने साथ पहले झुकेही फिर वहां से ट्रेन द्वारा शंकरगढ़ प्रयागराज के गांव लोहरा ले गया। यहां दोनों झोपड़ी में रहने लगे। इसके बाद आरोपी के माता-पिता वहां पुलिस के साथ पहुंचे और दोनों को लेकर वापस कैमोर आ गए। यहां पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर मामला विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में साक्षियों के कथन एवं वैज्ञानिक सबूत के आधार पर विचारण न्यायालय द्वारा आरोपी को पीडिंत बालिका के साथ दुष्कर्म करने का अपराध प्रमाणित पाया तथा आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 6 हजार रूपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया।

# महामना एक्सप्रेस में जनरल टिकट पर यात्रा कल से

**आरक्षित द्वितीय श्रेणी के कोच को रेलवे ने लिया अनारक्षित करने का निर्णय**



**कटनी।** रीवा से एकतानगर के बीच कटनी जंक्शन होकर चलने वाली रीवा-एकतानगर-रीवा महामना एक्सप्रेस के द्वितीय श्रेणी कोच में कल शनिवार से यात्री जनरल टिकट पर सफर कर सकेंगे। जबलपुर रेल मंडल ने ट्रेन के द्वितीय श्रेणी के कोच को कल 23 अप्रैल शनिवार से अनारक्षित करने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन के अनुसार साप्ताह में एक दिन संचालित गाड़ी संख्या 20906 रीवा-एकता नगर महामना एक्सप्रेस शनिवार को कटनी स्टेशन से गुजरती है। इस गाड़ी में अब यात्री साधारण श्रेणी की टिकिट लेकर सीधे ट्रेन में बैठने के पात्र होंगे। ये सुविधा द्वितीय श्रेणी के डिब्बों के लिए है। इसके लिए यात्रियों को सीट का आरक्षण कराना आवश्यक नहीं होगा। इस सुविधा से अब कम दूरी के यात्रियों को आरक्षण से मुक्ति मिलेगी। वे अनारक्षित टिकिट लेकर किसी भी स्टेशन से इस गाड़ी में गंतव्य तक साधारण श्रेणी के कोच में बैठकर यात्रा कर सकेंगे। रीवा-एकतानगर के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन कटनी जंक्शन सहित सतना, मैहर, जबलपुर होकर नरसिंहपुर, गाडरवारा, इटारसी, खंडवा, भुसावल, जलगांव, सूरत, बडौदा में रुकती है।

# एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के लिए रेलवे ने मांगे प्रस्ताव

**कटनी।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार जबलपुर रेल मंडल के कटनी सहित विभिन्न स्टेशन में एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के अंतर्गत प्रदर्शनी एवं कियोस्क के प्रस्ताव मांगें गए हैं। इच्छुक योजना के तहत स्थानीय उत्पाद हस्तशिल्पों, हाथकरघा सामग्रियों को बढ़ावा देने के लिए स्टेशनों पर 15 दिनों के लिए अस्थाई कियोस्क स्थापित कर सकते है। स्थानीय निर्माता, पंजीकृत स्वसहायता समूह, सहकारी समितियां, एमएसएमई के तहत पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम अपना आवेदन 23 अप्रैल को शाम 4 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य शाखा में जमा कर सकते हैं। इस योजना के तहत स्टेशनों पर अस्थाई कियोस्क खोलने के लिए आवेदक अपने नजदीक के स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक से मिलकर प्रस्ताव का आवेदन दे सकते हैं। योजना के तहत खाद्य पदार्थ, मौसमी खाद्य पदार्थ, प्रसंस्कृत, अर्धप्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, हस्तेशिल्प, कपड़ा और हाथकरघा, स्थानीय खिलौने, चमड़े के उत्पाद, पारंपरिक उपकरण, गारमेंट्स, स्थापनीय रनह और आभूषण से संबंधित व्यवसाय करने भाग ले सकते है। ये स्टेशन पर अपने व्यवसाय का प्रदर्शन एवं विक्रय भी करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

# प्रधान आरक्षक पर महिला ने लगाए मारपीट व रुपये चुराने के आरोप

**एसपी से शिकायत कर जांच की मांग**

**कटनी।** बरही थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक मीना सिंह पर एक महिला ने मारपीट करने व रुपये चुराने के आरोप मढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई शिकायत में आशाबाई पटवा पति हरीश पाटकार निवासी कचनी बैढन जिला सिंगरौली ने कहा कि वह ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान है। बरही थाने में 18 अप्रैल को गई थी। इस दौरान प्रधान आरक्षक मीना सिंह ने पर्स में रखे 10 हजार रुपये निकाल लिए। विरोध करने पर मारपीट की। मोबाइल लेकर सीएम हेल्पलाइन भी बंद करा दी है। पीड़िता ने यह समस्या क्षेत्रीय विधायक को भी बताई है। वहीं इस मामले को लेकर कहा जा रहा है कि महिला प्रधान आरक्षक पर आशा पटवा द्वारा अभद्र टिप्पणी की गई थी, जिसको लेकर विवाद हुआ। थाना प्रभारी अरविंद जैन ने कहा कि मैं उस दिन बाहर था। प्रधान आरक्षक और आशा के बीच कहासुनी की बात सामने आई है। महिला की शिकायत पर ससुराल वालों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

# 2 लाख रुपए से भरा थैला लेकर चंपत हुए बदमाश

**रीठी के तहसील कार्यालय परिसर की घटना से मचा हड़कंप, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत तहसील कार्यालय में गुरुवार की दोपहर 3 बजे के लगभग बेटी के विवाह के लिए बैंक से पैसे निकालकर किसी काम से रीठी के तहसील कार्यालय पहुंचे चाचा-भतीजे का रूपयों से भरा थैला लेकर बदमाश चंपत हो गए। तहसील कार्यालय परिसर में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के बाद हड़कंप मच गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगालती रही। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर करीब ढाई बजे के करीब रीठी थाना अंतर्गत ग्राम खाम्ह निवासी बोधन पटेल पिता फंदी पटेल अपने चाचा मुलायम पटेल पिता डरे पटेल के साथ अपनी बेटी के विवाह के लिए बैंक से पैसे निकालकर थैला में रखकर मोटरसायकल से



किसी काम से रीठी के तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां बोधन पटेल ने रूपयों से भरा थैला अपने चाचा मुलायम पटेल को देकर तहसील कार्यालय चला गया। जब बोधन पटेल तहसील कार्यालय से काम निपटाकर बाहर आया और अपने चाचा मुलायम से रूपयों का थैला पूंछा तो सबके होश उड़ गए। बताया गया कि मुलायम पटेल तहसील कार्यालय के बाहर बने टैंक के किनारे रूपयों से भरा थैला रखकर बैठा था। उसीदौरान अज्ञात बदमाशों ने पीछे से पैसों का थैला पार कर दिया। घटना के बाद तहसील कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया और इसकी सूचना रीठी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रीठी पुलिस ने मौका मुआयना कर रीठी के लोक सेवा केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने का प्रयास किया लेकिन तकनीक खराबी होने के कारण फुटेज नहीं मिल सके। बताया गया कि बोधन पटेल के पास रखे थैला में करीब दो लाख रुपए रखे थे। रीठी पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है। इस मामले में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गजानन पौराणिक पिता गुरूदत्त पौराणिक उम्र लगभग 48 वर्ष हॉल पता पार्थ हेल्थ क्लब के पास समदड़िया कॉलोनी माधवनगर तहसील एवं जिला-कटनी (म.प्र.) के स्वामित्व की भूमि एवं मकान जो ग्राम कछगवां प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. पहाड़ी तहसील एवं जिला-कटनी स्थित खसरा नं. 603/11 रकवा 0.0300 हे. जो 3000 वर्गफुट हैं जिसमें पक्का मकान निर्मित है जिसकी चौहद्दी उत्तर दिशा में सुरेश माखीजा की जमीन, पश्चिम में राजकुमार माखीजा की जमीन स्थित है के विक्रय का सौदा मेरे पक्षकार रवि प्रकाश ठाकुर पिता स्व. गुलाब सिंह ठाकुर निवासी प्रकाश भवन पाठक वार्ड जिला-कटनी (म.प्र.) वालों से 25,00,000/- रूपए (पच्चीस लाख रूपए) में करते हुए 20,00,000/- रूपए (बीस लाख रूपए) नगद बतौर बयाना के प्राप्त कर समक्ष गवाह विक्रय इकारारनामा दिनांक 10.09.2020 को निष्पादित करवाया गया था। तथा माह सितम्बर 2023 के पूर्व रजिस्टर्ड विक्रयपत्र का निष्पादन कराना सुनिश्चित हुआ था। परंतु गजानन पौराणिक पिता गुरूदत्त पौराणिक का स्वर्गवास दिनांक 21.04.2021 हो गया है। ऐसी स्थिति में उनके वारसान श्रीमती सविता पति स्व. गजानन पौराणिक उम्र 45 वर्ष, कु. भूमि पुत्री स्व. गजानन पौराणिक उम्र 16 वर्ष सौर्य पिता स्व. गजानन पौराणिक उम्र 15 वर्ष नाबालिग द्वारा बली मां श्रीमती सविता पति स्व. गजानन पौराणिक सभी निवासी वार्ड नं. 2 तहसील सिहोरा जिला-जबलपुर (म.प्र.) हाल पता पार्थ हेल्थ क्लब के पास समदड़िया कॉलोनी माधवनगर तहसील कटनी जिला-कटनी (म.प्र.) इकरारनामा दिनांक 10.09.2020 के पालन करने हेतु उत्तरदायी है। जिसकी मौखिक सूचना एवं वैधानिक सूचना पत्र उन्हें दी जा चुकी है परंतु उनके द्वारा इकरारनामा के पालन में कोई रूचि नही दिखाई जा रही है। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि एवं भवन का कोई भी व्यक्ति क्रय न करे। अन्यथा उसमें होने वाले नुकसान के वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।
कटनी दिनांक- 22.04.22
भवदीय- आर.एस. सोनी, (एडवोकेट) कटनी, मो. 9926337761

## नाले से वृद्ध महिला का शव बरामद

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत गुरुवार को एक बुजुर्ग महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान गनियारी निवासी 85 वर्षीय रामबाई पटेल के रूप में हुई है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल के अनुसार दशरमन के पड़रहा हार के नाले में एक शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर जाकर जांच की गई है। शव 4-5 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतका की पहचान हो गई है। परिजनों ने पूछताछ में महिला के मानसिक रुप से बीमार होने की जानकारी दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## समर्थन मूल्य से अधिक गेहूं का मंडी भाव

**कटनी।** शासन द्वारा भले ही गेहूं का समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है लेकिन कटनी में व्यापारियों से समर्थन मूल्य से अधिक भाव पर गेहूं खरीद जा रहा है। कटनी मंडी में गेहूं का सबसे अधिक रेट 2067 रहा है। अधिक रेट मिलने से किसानों द्वारा मंडी में ही अपने गेहूं को बेचने के लिए ला रहे हैं। किसान को मंडी में भुगतान भी तौल के बाद तत्काल नगद प्राप्त हो रहा है। इसकी जानकारी अन्य किसानों को मिलने पर उनमें भी उत्साह दिखाई दे रहा है। कटनी मंडी के प्रांगण प्रभारी राकेश पनिका ने बताया गया कि वर्तमान में गेहूं की आवक मंडी में 9 हजार से 11 हजार बोरा तक हो रही है। साथ ही यह भी बताया कि शासन द्वारा निर्यात को बढ़ाना देने के लिए जो व्यापारी गेहूं का व्यापार करते हैं। यदि वे निर्यात करते है और मंडी में पंजीकृत है तो उन्हें मध्य प्रदेश शासन के द्वारा देय मंडी शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। व्यापारियों को मंडी शुल्क में छूट प्राप्त होने से किसानों के कृषि उपज के कीमत में भी वृद्धि होगी।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

आवश्यकता है
ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है। टेली में कार्य करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी। संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स जबलपुर रोड बरगवां कटनी मो. 9009767272

स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित
श्रीमद् भागवत कथा
शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)

PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

प्लॉट बिकाऊ है
समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें। मो. 9993705740

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन
एडवांस्ड सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)